ई-न्यूज
24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, सोमवार 02 जून 2025
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 2 अंक 64

IPL फाइनल कल-अहमदाबाद जाने वाली फ्लाइट्स का किराया 25 हजार:रात 12.30 बजे तक चलेगी मेट्रो; स्टेडियम की 80 हजार सीटें ऑनलाइन बिकीं



IPL का फाइनल मंगलवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। फाइनल की क्लोजिंग सेरेमनी की थीम 'ऑपरेशन सिंदूर' होगी। कार्यक्रम में तीनों सेनाओं के प्रमुखों को इनवाइट किया गया है।

हालांकि, अब तक इनके ऑफिस से सेरेमनी शामिल होने की पुष्टि नहीं हुई है। पूरे स्टेडियम को तिरंगे रंग की लाइट से सजाया जाएगा और इस दौरान सिंगर शंकर महादेवन का लाइव कॉन्सर्ट होगा।

उधर, सोमवार को दिल्ली, बेंगलुरु, मुंबई और चंडीगढ़ से अहमदाबाद आने वाली फ्लाइट्स का किराया 25 हजार तक पहुंच गया है। सामान्य दिनों में यह किराया 3500 से 5000 तक रहता है। इसी तरह, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर 80 हजार टिकट बिक चुके हैं। अहमदाबाद स्टेडियम में दर्शकों की क्षमता 1.32 लाख है। 25,000 सीटें रिजर्व रखी गई हैं

दिल्ली-अहमदाबाद हवाई किराया 25 हजार तक पहुंचा

सोमवार को दिल्ली, बेंगलुरु, मुंबई और चंडीगढ़ से अहमदाबाद आने वाली फ्लाइट्स का किराया 25 हजार तक पहुंच गया है। सामान्य दिनों में यह किराया 3500 से 5000 तक रहता है।

इतना ही नहीं, फाइनल मैच के अगले दिन (बधवार) भी मुंबई, दिल्ली और बेंगलुरु के लिए सुबह की फ्लाइट का किराया 30 हजार तक पहुंच गया है। दोपहर 12 बजे से पहले बेंगलुरु के लिए कुल पांच उड़ानें हैं, जिनमें से केवल 2 उड़ानों में कुछ सीटें बची हैं। इनका भी हवाई किराया 12 हजार रुपए से बढ़कर 30 हजार पर जा पहुंचा है।

ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर 80 हजार टिकट बिके, 25,000 सीटें रिजर्व रहेंगी

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले जाने वाले इस फाइनल मैच के लिए 80,000 टिकट ऑनलाइन बिक चुके हैं। इसमें 25,000 टिकट निःशुल्क रहेंगे। ये क्रिकेट बोर्ड सहित अन्य संगठनों को दिए जाएंगे। इसके अलावा सीटें सैन्यकर्मियों के लिए भी रिजर्व रखी गई हैं।

फाइनल मैच देखने आए लोग देर रात घर लौटेंगे। इसके चलते निगम ने अतिरिक्त एएमटीएस बसें चलाने का फैसला किया है। बसें रात 10 बजे से 1:30 बजे तक चलेंगी। मोटेरा में नरेंद्र मोदी स्टेडियम के पास अचेर डिपो से ये बसें मणिनगर, ओधव, वासना, उजाला सर्कल और नारोल क्षेत्रों तक का सफर तय करेंगी। अतिरिक्त रात्रि बसों का किराया 30 रुपए प्रति यात्री तय किया गया है।

इंडिगो की फ्लाइट से 4000 फीट ऊंचाई पर गिद्ध टकराया:विमान के फ्रंट में डेंट आया, इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई; 175 यात्री सवार थे



रांची के लिए उड़ान भरने वाली इंडिगो की फ्लाइट को पक्षी टकराने की वजह से इमरजैंसी लैंडिंग करानी पड़ी। घटना आज (सोमवार, 2 जून) दोपहर 1.14 बजे की है। TOI की रिपोर्ट के अनुसार फ्लाइट जब रांची एयरपोर्ट से कुछ दूरी पर थी, तभी उससे एक गिद्ध टकरा गया।

हादसा जिस समय हुआ, विमान लगभग 3 से 4 हजार फीट की ऊंचाई पर था। विमान से गिद्ध के टकरने पर पायलेट को 40 मिनट तक विमान को हवा में रखना पड़ा। इसके बाद रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर लैंडिंग कराई गई। टक्कर से विमान के अगले हिस्सा में डेंट आया है। फ्लाइट में 175 यात्री सवार थे, जो सभी सुरक्षित हैं। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के डायरेक्टर आर आर मुंडा ने घटना की पुष्टि की है।

इंजीनियर विमान की जांच कर रहे

एयरपोर्ट के डायरेक्टर आरआर मौर्य ने बताया कि टक्कर के बाद पायलट ने तुरंत सतर्कता दिखाते हुए इमरजेंसी लैंडिंग की। इंजीनियर विमान की जांच कर रहे हैं। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि यह फ्लाइट रांची पहुंचने के बाद कोलकाता जाने वाली थी। अब रांची में ही खड़ी है और उसकी मरम्मत की जा रही है।

छत्तीसगढ़ के रायपुर से दिल्ली जा रही इंडिगो की फ्लाइट 6E 6313 रविवार दोपहर टर्बुलेंस में फंस गई थी। दिल्ली में लैंड करने से पहले पायलट को फ्लाइट को दोबारा हवा में उड़ाना पड़ा। ऐसा दिल्ली-NCR में धूलभरी आंधी के कारण हुआ।

इसके बाद फ्लाइट ने आसमान में कई चक्कर लगाए। बाद में एयर ट्रैफिक कंट्रोल (ATC) से क्लियरेंस मिलने के बाद फ्लाइट सुरक्षित लैंड कराई गई। फ्लाइट के हवा में चक्कर काटने का वीडियो भी सामने आया है। इसमें नजर आ रहा है कि फ्लाइट में बैठे पैसेंजर्स घबराए हुए हैं।

देश में कोरोना से 24 घंटे में 6 मौतें:3976 एक्टिव केस, सबसे ज्यादा 1435 केरल में; दिल्ली HC ने केंद्र से सैंपलिंग की डिटेल मांगी



देश में कोरोना वायरस के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। एक्टिव केसों की संख्या 3976 पहुंच गई। स्वास्थ्य विभाग की वेबसाइट के मुताबिक 10 दिन में 15 गुना मामले बढ़े हैं। केरल में सबसे ज्यादा 1435 केस हैं। महाराष्ट्र एक्टिव मामलों के मामले में दूसरे नंबर पर है। यहां 506 मरीज हैं। कोरोना से जान गंवाने वालों की संख्या 34 पहुंच गई है। बीते 24 घंटे में 6 मौतें हुई हैं। सोमवार को अहमदाबाद में 18 साल की गर्भवती लड़की और 47 साल की महिला की कोरोना से जान गई। इससे पहले रविवार को दिल्ली में 22 साल की लड़की और तमिलनाडु में 25 साल के लड़के की कोरोना से मौत हुई थी।

लगातार बढ़ते केसों के बीच कर्नाटक सरकार ने पब्लिक एडवाइजरी जारी की है। इसमें लोगों से भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मास्क लगाने, शारीरिक दूरी बनाए रखने और स्वच्छता का खास ध्यान रखने की अपील की। बुखार, खांसी, सीने में दर्द या सांस लेने में दिक्कत होने पर तुरंत जांच कराने को कहा है। राज्य में 253 एक्टिव केस हैं।

सोमवार को दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा- अगली कोविड महामारी अभी खत्म नहीं हुई है। केंद्र कोविड सैंपल कलेक्शन, कोविड सेंटर्स और ट्रांसपोर्ट पॉलिसी नीति की तैयारियों की डिटेल दे।

केंद्र सरकार ने कहा- कोरोना से निपटने के लिए तैयारियां पूरी

केंद्रीय स्वास्थ्य और आयुष राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा- स्वास्थ्य विभाग और आयुष मंत्रालय पूरी तरह से सतर्क हैं। सभी राज्यों के हालात पर नजर रख रहे हैं। हमने संबंधित सचिवों और मंत्रियों से बातचीत की है।

उन्होंने आगे कहा कि पिछली कोविड लहरों के दौरान बने ऑक्सीजन प्लांट, ICU बेड इत्यादि की समीक्षा हो चुकी है। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयारियां जारी हैं।

अब तक के इतिहास में सबसे ज्यादा रिकॉर्ड, 54378 कैंडिडेट ने किया क्वालीफाई




जेईई एडवांस्ड 2025 परीक्षा का परिणाम सोमवार को आईआईटी कानपुर ने जारी कर दिया है. इसके साथ इस परीक्षा में कई रिकॉर्ड भी बने हैं, जिसमें पहला रिकॉर्ड सर्वाधिक सफल कैंडिडेट का बना है. इतिहास में सबसे ज्यादा 54378 कैंडिडेट काउंसलिंग के लिए क्वालीफाई घोषित किए गए हैं. क्वालीफाई घोषित किए गए कैंडिडेट की बात की जाए तो अब तक सफल हुए कैंडिडेट में सबसे ज्यादा है. प्रतिशत में भी यह तीसरा रिकॉर्ड देखा जाए तो 30.14 फीसदी सबसे अधिक है. तीसरा रिकॉर्ड इतिहास में सबसे ज्यादा परीक्षा देने वाले छात्रों का बना है, इस बार 180422 कैंडिडेट ने परीक्षा दी है.

एजुकेशन एक्सपर्ट देव शर्मा ने बताया कि जेईई एडवांस्ड 2025 में 187223 कैंडिडेट ने रजिस्ट्रेशन करवाया था. इसमें से 180422 कैंडिडेट्स ने परीक्षा दी. इनमें से 54378 कैंडिडेट ने क्वालीफाई किया है, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड बना है. पिछले 3 साल में जेईई एडवांस्ड में परीक्षा देने वाले कैंडिडेट की संख्या 1.80 लाख के आसपास रही है. हालांकि, साल 2023 में काउंसलिंग के लिए सफल कैंडिडेट 46769 थे. यह संख्या 2024 में 48248 रही और 2025 में इसमें काफी इजाफा होकर ये आंकड़ा 54378 पहुंच गया है. क्वालीफाइंग प्रतिशत की बात करें तो यह 2023 के 24.26 फीसदी से बढ़कर 2025 में 30.01 फीसदी हो गया.

छात्राओं का सफलता का प्रतिशत कम : देव शर्मा ने बताया कि छात्र-छात्राओं की बात की जाए तो परीक्षा में 139085 छात्र परीक्षा देने पहुंचे थे. इनमें से 44974 में क्वालीफाई किया है, यह 32.34 फीसदी कैंडिडेट क्वालीफाई कर गए हैं. छात्रों की संख्या 41337 थी, इनमें से 9404 काउंसलिंग के लिए सफल हो पाई हैं. यह प्रतिशत 22.75 है. हालांकि, परीक्षा में छात्राओं की संख्या पहले से ही कम रहती है. इस साल परीक्षा देने वाले 180422 कैंडिडेट में 77 फीसदी यानी 139085 छात्र थे, जबकि छात्राओं का प्रतिशत महज 22.91 यानी 41337 था. जेईई एडवांस्ड में इस साल सर्वाधिक क्वालीफाई का रिकॉर्ड बना है. इसके साथ-साथ परीक्षा देने वाले कैंडिडेट्स की संख्या का भी रिकॉर्ड बना है. यह अब तक के इतिहास में सबसे ज्यादा रही है. साल 2025 में एग्जाम देने वाले कैंडिडेट की संख्या 180422 रही है, जिनमें से क्वालीफाई करने वालों की संख्या 30.01 फीसदी है, यह 54378 रही है. इसी तरह साल 2024 में 180200 कैंडिडेट ने एग्जाम दिया था, इनमें से 26.77 फीसदी 48248 सफल हुए थे. साल 2023 में 180372 कैंडिडेट्स ने परीक्षा दी थी. इनमें से 24.27 फीसदी 43769 कैंडिडेट सफल हुए थे.

भारत और पराग्वे आतंकवाद के खिलाफ एकजुट हैं: प्रधानमंत्री मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत और पराग्वे आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुट हैं. उन्होंने कहा कि, दोनों देशों के पास साइबर अपराध तथा मादक पदार्थों की तस्करी जैसी साझा चुनौतियों से निपटने के लिए एकजुट होकर काम करने की अपार संभावनाएं हैं.

मोदी ने पराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना पालासियोस के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता में यह टिप्पणी की. पालासियोस समग्र सहयोग बढ़ाने के तरीकों की खोज के लिए भारत की तीन-दिवसीय यात्रा पर आज सुबह दिल्ली पहुंचे.

यह उनकी पहली भारत यात्रा है, जबकि दक्षिण अमेरिकी देश के किसी राष्ट्रपति की दूसरी यात्रा है. लैटिन अमेरिकी क्षेत्र में भारत के लिए पराग्वे एक महत्वपूर्ण व्यापारिक साझेदार है. ऑटोमोबाइल और फार्मास्यूटिकल्स क्षेत्र की कई भारतीय कंपनियां पराग्वे में मौजूद हैं.

मोदी ने कहा, "हम डिजिटल प्रौद्योगिकी, महत्वपूर्ण खनिज, ऊर्जा, कृषि, स्वास्थ्य सेवा, रक्षा, रेलवे, अंतरिक्ष और समग्र आर्थिक साझेदारी जैसे क्षेत्रों में सहयोग के नये अवसर देखते हैं." प्रधानमंत्री ने दक्षिण अमेरिकी व्यापार समूह मर्कोसुर के साथ भारत की तरजीही व्यापार व्यवस्था का भी उल्लेख किया.

उन्होंने कहा, "हम इसे और आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम कर सकते हैं."मर्कोसुर या दक्षिण का साझा बाजार अर्जेंटीना, ब्राजील, पराग्वे और उरुग्वे से मिलकर बना एक व्यापारिक समूह है. दोनों नेताओं ने पहलगाम आतंकी हमले की पृष्ठभूमि में आतंकवाद से निपटने के तरीकों पर भी विचार-विमर्श किया.

अमरनाथ यात्रा की तैयारी जोरों पर, श्राइन बोर्ड ने दिशा-निर्देश किए जारी



हर साल होने वाली पवित्र अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई 2025 से शुरू होगी और 9 अगस्त 2025 को समाप्त होगी. यात्रा से पहले जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास में तैयारियां चल रही हैं. यात्रियों के स्वागत के लिए माहौल खुशनुमा बनाने के लिए दीवारें और अन्य जीर्णोद्धार का काम शुरू हो गया है. यात्रा के सुरक्षित और शांतिपूर्ण संचालन के लिए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है.

इस बीच सीआरपीएफ के महानिदेशक ने रविवार को भगवती नगर कैंप का दौरा कर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की. इसके अलावा जगह-जगह अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गई है. आज जम्मू के डिवीजनल कमिश्नर ने भी अपने कार्यालय में अमरनाथ यात्रा की व्यवस्थाओं को लेकर एक अहम बैठक बुलाई है. इससे पहले जम्मू के डिप्टी कमिश्नर ने भी अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जम्मू में एक बैठक बुलाई थी. बैठक के दौरान जम्मू के डिप्टी कमिश्नर ने जम्मू रेलवे स्टेशन और भगवती नगर यात्री निवास समेत प्रमुख स्थानों पर भीड़ नियंत्रण,सफाई और उचित आवास सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर दिया. उन्होंने तीर्थयात्रा से पहले सभी व्यवस्थाओं को पूरा करने और तीर्थयात्रियों के लिए सेवा और आतिथ्य के उच्च मानकों को बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया. चूंकि हजारों भक्तों के आध्यात्मिक यात्रा में भाग लेने की उम्मीद है, इसलिए श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड (SASB) ने सभी यात्रियों के लिए उनकी सुरक्षा और नाजुक हिमालयी पर्यावरण के संरक्षण को सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए हैं.

मंथली 834 के निवेश से बन सकते हैं 11 करोड़:बच्चों का भविष्य सिक्योर करने के लिए NPS वात्सल्य स्कीम में इन्वेस्ट करें



24 न्यूज अपडेट

अगर आप अपने बच्चों के भविष्य के लिए छोटी रकम से बड़ा फंड बनाना चाहते हैं, तो सरकार की NPS वात्सल्य स्कीम आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। इस स्कीम में अगर बच्चे के नाम पर हर साल सिर्फ 10,000 जमा करते हैं, तो रिटायरमेंट तक उसे 11 करोड़ रुपए तक का फंड मिल सकता है।

इस स्कीम में जमा किया गया पैसा गवर्नमेंट सिक्योरिटी, डेट और शेयर बाजार में निवेश किया जाता है। यहां जानिए स्कीम के फायदे, निवेश का तरीका और रिटर्न का गणित...

NPS वात्सल्य स्कीम क्या है?

यह सरकारी नेशनल पेंशन सिस्टम (NPS) की नई स्कीम है, जिसे पिछले साल सितंबर में लॉन्च किया गया था। स्कीम में माता-पिता अपने 18 साल से कम उम्र के बच्चे के नाम पर निवेश कर सकते हैं।


इसमें सालाना कम से कम 1,000 जमा करना जरूरी है, अधिकतम की कोई सीमा नहीं है। बच्चे की उम्र 18 साल होते ही यह खाता रेगुलर NPS पेंशन खाते में बदल जाएगा।

स्कीम में पेरेंट्स अपने हिसाब से बच्चों के लिए निवेश के विकल्प चुन सकता है। वे खुद तय करें कि कितना पैसा इक्विटी, डेट या सरकारी बॉन्ड में लगे।

कैसे बन सकता है 11 करोड़ का फंड?

अगर आप बच्चे के नाम पर हर साल 10,000 (यानी महीने के सिर्फ 834) जमा करते हैं तो रिटायरमेंट की उम्र (60 साल) तक रेगुलर NPS में निवेश जारी रखने पर आप इतना फंड जुटा सकते हैं.

सोना 837 बढ़कर 96,192 पर पहुंचा:चांदी 97,392 किलो बिक रही, इस साल सोना अब तक 20,030 महंगा हुआ




24 न्यूज अपडेट

सोने के दाम में आज यानी 2 जून को बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 837 बढ़कर 96,192 पर पहुंच गया है। इससे पहले सोने की कीमत 95,355 प्रति 10 ग्राम थी।

हालांकि, चांदी का भाव 66 कम होकर 97,392 हो गया है। इससे पहले चांदी का भाव 97,458 प्रति किलो था। इससे पहले सोने ने 21 अप्रैल को 99,100 और 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था।

सेंसेक्स 77 अंक गिरकर 81,373 पर बंद:निफ्टी में भी 34 अंक की गिरावट रही, बैंकिंग और IT शेयर टूटे



24 न्यूज अपडेट

शेयर बाजार में आज यानी 2 जून को गिरावट रही। सेंसेक्स 77 अंक गिरकर 81,373 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 34 अंक की गिरावट रही। ये 24,716 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 19 में गिरावट और 11 में तेजी है। बैंकिंग, ऑटो और IT शेयर में गिरावट रही। वहीं FMCG और एनर्जी शेयर्स में बढ़त देखने को मिली है।

अपनी क्षेत्र से सम्बन्धित समाचार हमारी मेल आई पर भेजें
desk24newsupdate@gmail.com

संपादकीय : संदेश से आगे

आतंकवाद को शह और संरक्षण देने के मसले पर पाकिस्तान की भूमिका जगजाहिर रही है। हैरानी की बात यह है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई बार आतंकियों के वित्त पोषण के लिए पाकिस्तान को कठघरे में खड़ा किया गया है, लेकिन उस पर कभी का असर नहीं पड़ा। उल्टे जब भी मौका मिला, पाकिस्तान ने आतंकी संगठनों को हर स्तर पर खाद-पानी मुहैया कराया और खासतौर पर भारत के खिलाफ उनका इस्तेमाल करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। पहलगाम में आतंकी हमला उसकी कुत्सित मंशा की ही एक कड़ी थी, जिसमें छब्बीस लोगों की जान चली गई। वह घटना एक तरह से भारत के धीरज की हद को चुनौती देने जैसी थी, जिसके बाद भारत ने इसका संयमित, लेकिन उचित प्रतिकार किया। पाकिस्तान की सीमा के भीतर स्थित कई आतंकी ठिकानों पर भारत ने हमला किया और बहुत सारे आतंकियों को मार गिराया। इस सबके बावजूद पाकिस्तानी ठिकानों से आज भी कई कुख्यात आतंकवादी चेहरे और संगठन बिना किसी बाधा के अपनी गतिविधियां संचालित कर रहे हैं। इस हकीकत के समांतर पाकिस्तान किस आधार पर भारत के साथ संवाद और इसके जरिए किसी समस्या के हल की उम्मीद कर रहा है। गौरतलब है कि पहलगाम में आतंकी हमले के प्रतिकार में भारत ने जब जवाबी कार्रवाई की और उसमें भारत को बड़ी कामयाबी मिली तो उसके बाद पाकिस्तान के सामने यह लाचारी खड़ी हो गई कि वह संवाद की ओर कदम बढ़ाए। इसलिए पिछले कुछ दिनों से वह भारत के सामने बार-बार बातचीत की पेशकश कर रहा है। सवाल है कि एक ओर आतंक को संरक्षण और दूसरी ओर संवाद का सहारा जैसे दोहरे पैमानों के साथ पाकिस्तान किस तरह खुद को उचित ठहराने की कोशिश कर रहा है। इसलिए भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने स्वाभाविक ही यह दो टूक संदेश दिया है कि अगर पाकिस्तान द्विपक्षीय वार्ता के लिए सचमुच गंभीर है तो पहले उसे संयुक्त राष्ट्र की ओर से घोषित आतंकवादियों हाफिज सईद और मसूद अजहर को भारत को सौंप देना चाहिए। उन्होंने पाकिस्तान को यह सलाह भी दी है कि अपने हित में वह अपनी धरती से जारी आतंकवाद को खुद ही उखाड़ फेंके। विडंबना यह है कि वैश्विक आतंकवाद के पोषण का एक गढ़ बन चुके पाकिस्तान के बारे में संयुक्त राष्ट्र से लेकर दुनिया के तमाम देश समझते हैं और समय-समय पर उसे आतंकी मकड़जाल से निकलने की सलाह देते रहे हैं। मगर यह समझना मुश्किल है कि अन्य देशों और खासतौर पर भारत को आतंकवाद के सहारे परेशान करने वाला पाकिस्तान कई बार खुद भी आतंकी हमलों की त्रासदी झेलता है, लेकिन आतंकियों को संरक्षण देने और बचाने से बाज क्यों नहीं आता। अफसोस की बात है कि इन आतंकियों के अलावा कई ऐसे लोग भी हैं, जिन्होंने हजारों करोड़ रुपए के घोटाले किए और भाग कर दूसरे देशों में शरण लिया हुआ है। आतंकवाद के साथ-साथ अन्य आर्थिक भगोड़ों की वजह से भारत को होने वाले नुकसान की सिर्फ निंदा करने के बजाय उन्हें वापस लाना और कानून के कठघरे में खड़ा करना वक्त का तकाजा है। ऐसे में अगर देश के रक्षा मंत्री ने पाकिस्तान को आईना दिखाया है तो यह एक बेहतर प्रतिक्रिया है, लेकिन जरूरत इस बात की है कि अब सख्त संदेश या चुनौती की भाषा में सिर्फ संवाद करने के बजाय पाकिस्तान में पनाह पाए और पल रहे कुख्यात आतंकियों को भारत लाने के लिए कार्रवाई के स्तर पर भी ठोस पहल हो ।

बीमार स्वास्थ्य सेवाएं

सरकार के तमाम दावों के बावजूद देश में स्वास्थ्य सेवाओं की सेहत लगातार बिगड़ रही हैं, तो आखिर इसकी वजह क्या है। प्रति वर्ष बजट में स्वास्थ्य के लिए जो राशि तय होती है, वह इतनी नहीं जिससे सभी नागरिकों को चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हो सकें। सच्चाई यही है कि गंभीर बीमारी का इलाज कराने के क्रम में आम आदमी की सारी जमा-पूंजी खत्म हो जाती है। इसी वजह से कई परिवार तो गरीबी रेखा के नीचे चले जाते हैं। यह दुखद ही है कि आजादी के बाद से अब तक हम शहरों और गांवों में स्वास्थ्य सेवाओं का मजबूत ढांचा नहीं बना पाए हैं। आज भी सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में आधुनिक उपकरणों और बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। इसका नतीजा अंततः मरीजों को भुगतना पड़ता है। बीते दिनों बलिया में मोबाइल फोन की रोशनी में चार महिलाओं का प्रसव कराया गया। यह सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों की बदहाली की एक और बानगी है। कई अस्पतालों में जेनरेटर और डीजल के अभाव का बहाना बनाया जाता है, लेकिन वहां इसकी सुविधा उपलब्ध होने पर भी यह नौबत क्यों आई, यह जांच का विषय है। इसी जिले में पिछले दिनों जिलाधिकारी के औचक निरीक्षण के दौरान सरकारी अस्पताल में अव्यवस्था उजागर हुई। हकीकत है कि देश में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली आज भी कायम है। आबादी के लिहाज से सरकारी अस्पतालों की संख्या काफी कम है। गांवों के मरीज उपचार के लिए शहरों की तरफ भागते हैं, जहां निजी अस्पतालों में अपनी थोड़ी बहुत बचत भी गंवा बैठते हैं। यह एक बड़ा सवाल है कि सेहत की देखभाल पर आम आदमी का खर्च कम क्यों नहीं हो रहा? यह सरकार के लिए भी एक चुनौती है। फिलहाल इस पर जोर देने की जरूरत है कि मरीजों का सुरक्षित उपचार हो और वे स्वस्थ होकर अपने घर लौटें। बलिया की घटना से पहले भी टार्च की रोशनी में इलाज और आपरेशन किए जाने की खबरें आती रही हैं। उपचार में देरी और गलत निदान की वजह से मरीजों की मौत हो जाती है. इससे इनकार नहीं किया जा सकता। मसला अब बुनियादी सुविधाओं का भी है। स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही और बदहाली पर सवाल उठते हैं, तो यह गलत नही हैं।

विकसित भारत 2047 में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा विकसित मेवाड़, एक वर्ष कार्यकाल पूर्ण होने पर प्रेस वार्ता में बोले लोकसभा सांसद डॉ रावत



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। उदयपुर, 02 जून। उदयपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद डॉ मन्ना लाल रावत ने कहा कि सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत निर्माण को लेकर प्रधानमंत्री के विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की पूर्ति में मेवाड़ क्षेत्र अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। लोकसभा सांसद के तौर पर अपने कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान सोमवार को उन्होने यह बात कही। उन्होने कहा कि विकसित भारत में मेवाड़ की भूमिका के बारे में एक व्यापक संवाद का कार्यक्रम 8 जून को रखा गया है। विकसित भारत 2047 एक ऐसा लक्ष्य है जहां प्रत्येक नागरिक को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, पानी और सम्मानपूर्वक जीने का अधिकार प्राप्त होगा। इन अधिकारों की प्राप्ति में मेवाड़ क्षेत्र की भूमिका अहम होगी। विकसित भारत 2047 के लिए विकसित मेवाड़ 2047 की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए सांसद डॉ रावत ने कहा कि मेवाड़ अपनी गौरवशाली संस्कृति, शौर्य और इतिहास के लिए विश्वप्रसिद्ध है। क्षेत्र की खनिज, होटल, कृषि, वन और हस्तशिल्प के क्षेत्र में दुनियाभर में पहचान है। यहां की अर्थव्यवस्था तीन टी अर्थात टूरिस्ट, ट्राइबल व ट्रांसपोर्ट पर आधारित है। इसमें तीन टी अर्थात टेक्नोलॉजी, ट्रेड व ट्रेनिंग को जोड़ने की आवश्यकता है। ऐसा करके हम प्रधानमंत्री के विजन "विरासत भी विकास भी" के साथ लक्ष्य की ओर आगे बढ़ सकते हैं। महाराणा प्रताप के जुड़े ऐतिहासिक स्थलों के विकास को गति देने की बात कहते हुए डॉ रावत ने कहा कि मेवाड़ की ऐतिहासिक धरोहर विश्वभर से पर्यटकों को खींचती है, ऐसे में यह स्थल विरासत के संरक्षण के साथ ही यह आर्थिक दृष्टि से भी मील का पत्थर साबित हो सकते हैं। सौर ऊर्जा की व्यापक संभावना व्यक्त करते हुए उन्होने कहा कि क्षेत्र में वर्ष में लगभग तीन सौ दिन सूर्य की रोशनी उपलब्ध रहती है जिसे उपयोग में लाया जाना चाहिए। कृषि में रूपान्तरण के संबंध में चर्चा करते हुए डॉ रावत ने कहा कि क्षेत्र में बहुतायत से पाये जाने वाले सीताफल की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए टिश्यू कल्चर पर कार्य करने के लिए आईसीएआर (भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद) से चर्चा हुई है। दक्षिण भारत से उदयपुर से सीधे रेल सम्पर्क के बारे में बताते हुए उन्होने कहा कि शीघ्र ही उदयपुर को ऐसी ट्रेनों की सौगात मिलेगी जो उदयपुर को सीधे दक्षिण भारत के बड़े नगरों से जोड़ देगी। इससे यहां के व्यापार, उद्योग एवं सेवा क्षेत्र में तेजी से विकास होगा। प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों ने विलेज टूरिज्म, स्मार्ट सिटी के कार्यों, अंदरूनी शहर में पानी की सप्लाई आदि विषयों पर सवाल किए और समस्याओं के समाधान को लेकर अपने सुझाव भी रखे। सांसद डॉ रावत ने सभी सुझावों का स्वागत करते हुए समस्याओं के समाधान कि दिशा में कार्य करने का आश्वासन दिया।

शीघ्र ही दृष्टिगोचर होंगे एक वर्ष में हुए कार्यों के परिणाम

डॉ रावत ने कहा कि विकास एक सतत प्रक्रिया है। इसके लिए किए गए प्रयास पर्याप्त समय के पश्चात धरातल पर दृष्टिगोचर होते हैं। पिछले एक वर्ष के कार्यकाल में ऐसे कई प्रयास किए गए हैं जो आने वाले समय में क्षेत्र के विकास एवं आमजन की सुविधा की दृष्टि से अहम पड़ाव साबित होंगे। जाखम के अतिरिक्त पानी को क्षेत्र में पानी की किल्लत वाले गांवों में पहुंचाने के कार्य की दिशा प्रगति हुई है। मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा ने इसके लिए 7300 करोड़ की परियोजना की स्वीकृति प्रदान की है। इस परियोजना में जाखम के अतिरिक्त पानी को लभगल 80 किमी दूर तक उदयपुर की ओर लाया जाएगा। बीच में दो नदियों व एक दर्जन से अधिका तालाबों को भी पुनर्जीवित करते हुए पूरे क्षेत्र मे जल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। सांसद डॉ रावत ने सड़क दुर्घटनाओं में बढ़ती जनहानि पर चिंता जताते हुए कहा कि उदयपुर जिले में एक वर्ष में दो हजार से ज्यादा सड़क दुर्घटनाओं में 541 की मृत्यु हुई। हम सबकी यह कोशिश है कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी हो और कम से कम जनहानि हो। उदयपुर -सिरोही हाईवे पर 6 ब्लैक स्पॉट्स के बारे में उन्होंने केंद्रीय सड़क सुरक्षा एवं परिवहन मंत्री नितिन गड़करी से चर्चा की। इस पर ब्लैक स्पॉट्स करेक्शन के लिए लगभग 100 करोड़ रुपये का बजट जारी किया गया है। वहीं उदयपुर-अहमदाबाद हाईवे पर पांच ब्लैक स्पॉट्स के सुधार लिए भी जल्द राशि स्वीकृत करवाने का प्रयास किए जाएंगे। उन्होने कहा कि सलूम्बर में मेडीकल कॉलेज एवं नवोदय विद्यावय खोलने की दिशा में चल रहे प्रयासों के सकारात्मक परिणाम आने वाले दिनों में देखने को मिलेंगे।

सभी की राय लेकर तैयार होगा विकास कार्यों का खाका

रावत ने बताया कि 8 जून को विकसित भारत 2047 विकसित मेवाड़ 2047 के संदर्भ में एक शाम राष्ट्र के नाम कार्यक्रम हिरण मगरी सेक्टर चार स्थित अटल सभागार में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में वर्तमान में चल रही विकास योजनाएं की समीक्षा की जाएगी और इन्हे बेहतर बनाने के लिए प्रबुद्धजनों से राय ली जाएगी। सभी विचारों व समस्याओं को संकलित करके उनके संभावित निराकरण का प्रयास किया जाएगा। देश की संसद के दोनों सदनों और राज्य विधानसभा में क्षेत्र की समस्याओं को लेकर रखे गए प्रश्नों व मुद्दों का अध्ययन कर विकास की संभावनाएं तलाशी जाएंगी।

डीएमएफटी से होंगे लाखों के विकास कार्य

डॉ रावत ने प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे पलायन को रोकने के लिए क्षेत्र के युवाओं एवं महिलाओं को कौशल विकास तथा स्थानीय रोजगार के लिए प्रशिक्षण दिये जायेंगे तथा किसानों को बागवानी के लिए उन्नत बीज एवं फलदार पेड़ उपलब्ध कराये जायेंगे। साथ ही विद्यालयों में गणित की लैब एवं रोबोटिक्स लैब स्थापित की जाएगी। सिंचाई की समुचित व्यवस्था के लिए कुओं को गहरा करने व नवीन एनिकट के निर्माण भी किये जावेंगे। जिले में उदयपुर शहर, उदयपुर ग्रामीण, खेरवाड़ा, झाडोल एवं गोगुन्दा विधान सभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना (डीएमएफटी) अन्तर्गत विभिन्न विकास कार्यों को स्वीकृत किया गया।

बाप पार्टी के लोग षड्यंत्रकारियों को दे रहे बढ़ावा

डॉ रावत ने एक प्रश्न के जवाब में कहा कि बाप पार्टी के नेता पूरी लूटेरी गैंग है। पिछले महीने इनके एक विधायक को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकडा गया जो इसका पुख्ता प्रमाण है। ये लोग क्षेत्र के युवाओं को पत्थरबाज बना रहे हैं। बीएपी और बीटीपी बाहरी तत्वों से प्रेरित षंड्यंत्रकारी पार्टियां है। क्षेत्र का विकास, शिक्षा, महिलाओं की गरिमा और युवाओं को आगे बढाने की ताकत को रोकने वाले तत्व है।

भुन भुनाते हुए नहीं गुनगुनाते हुए जिए मुनि 'मेधांश'



24 न्यूज अपडेट

राजसमन्द. शहर के तेरापंथ भवन नया बाजार में जिए तो जिए ऐसे विषय पर धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा सांसों का आना जाना ही जीवन नहीं होता , हर सांस को एक उद्देश्य दे जिन सांसों को उद्देश्य नहीं मिलता वह जीवन बेमानी है। तकलीफें और संघर्ष हर एक जीवन में आते हे मगर मौसम की तरह कुछ भी परमानेंट नहीं हे , हम जैसा सोचते हे दुनिया वैसी ही हो जाती हे अगर हमने सोचा कि हम दुखी हैं तो हमे कोई दुखी होने से नहीं रोक सकता अगर हमने सोचा कि हम खुश हे तो हमसे हमारी खुशियां कोई नहीं छिन सकता। हैप्पी लाइफ का एक ही मंच हे जो होता हे अच्छे के लिए होता हे

मुनि सिद्धप्रज्ञ ने कहा - श्रृष्टि में रोज हजारों लोग जन्म लेते हे , जन्म लेना कोई महत्वपूर्ण बात नहीं है महत्वपूर्ण हे कि हमने जीवन को कैसे जिए, दुख में सुख ढूंढने वाले लोग ही जीवन को जी भर के जी सकते हे

मुनि केवल्य कुमार ने कहा लोग आते हे ओर चले जाते हे वही लोग याद रहते हे जिन्होंने अपने जीवन में औरों के चेहरे पर मुस्कुराहट लाने के लिए अपना सारा जीवन समर्पित कर दे

मुनि सुरेश कुमार दिनांक 14 जून तक तेरापंथ भवन ने प्रवास करेंगे मुनि के सानिध्य में दिनांक 14 जून को आचार्य तुलसी का महाप्रयाण दिवस समारोह पूर्वक मनाया जाएगा

लॉ इंटर्न ने अगर खुद को एडवोकेट बताया, तो होगी सख्त कारवाही, बार एसोसिएशन का आदेश

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर कोर्ट परिसर में अब लॉ स्टूडेंट को अपने व्यवहार और पहचान को लेकर काफी सतर्क रहना | बार एसोसिएशन उदयपुर ने इंटर्नशिप छात्रों के लिए कड़े दिशा निर्देश जारी किए गए हैं | जिसमें छात्र को एडवोकेट बताने पर पाबंदी लगाई गई है | बार एसोसिएशन अध्यक्ष चंद्रभान सिंह शेखावत द्वारा सख्त आदेश में कहा गया कि कोई भी लॉ स्टूडेंट न तो खुद को एडवोकेट कहे नहीं सोशल मीडिया पर ये दावा करे साथ ही अपने वाहन पर एडवोकेट का स्टीकर नहीं लगावे, जब तक उनके पास बार एसोसिएशन की सनद न हो | न्यायालय परिसर में अपने ड्रेस कोड में नीले कलर का शर्ट पहने और अपने गले में कॉलेज की आईडी कार्ड लगाकर ही न्यायालय परिसर में आवे | ऐसा नहीं करने पर बार एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि आदेश की उल्लंघन करने वाले लॉ स्टूडेंट पर सख्त कार्रवाई की जाएगी |

बहन की हत्या का आरोपी भाई गिरफ्तार:झगड़े में बचाव करने गई बहन के सिर पर लगा था लट्ठ, मौके पर हुई मौत



24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर की धंबोला थाना पुलिस ने बहन की हत्या के आरोपी भाई को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी भाई फरार चल रहा था। झगडे में बीच-बचाव में आने पर बहन के सिर पर लट्ठ लगने से उसकी मौत हो गई थी। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। डूंगरपुर जिले के धंबोला थानाधिकारी मोहम्मद रिजवान खान ने बताया की लिख-तिया पंचकुंडी निवासी कांतिलाल डामोर ने 19 मई को रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट में बताया कि उसके ससुराल मेवड़ा में शादी थी।।जिसके चलते वह अपनी पत्नी शारदा के साथ मेवड़ा गया था। इस दौरान नाचने की बात को लेकर उसके साले प्रकाश रोत का गांव की कुछ लड़कों से झगडा हो गया था।

झगड़े के दौरान शारदा बीच बचाव के लिए गई थी। इस दौरान प्रकाश एक लट्ठ से किसी युवक को मार रहा था। जिसके बीच में शारदा आई गई ओर लट्ठ उसके सिर पर लगा सिर पर गंभीर चोट लगने से शारदा की मौत हो गई थी।

पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया था, लेकिन आरोपी भाई फरार चल रहा था। पुलिस ने सफलता हासिल करते हुए फरार चल रहे आरोपी भाई प्रकाश को गिरफ्तार कर लिया है। जिससे पुलिस पूछताछ कर रही है।

मुंबई की महिला ने डूंगरपुर में दिया वारदात को अंजाम:होटल मालिक के घर में रुकी, विश्वास जीता और 3 तोला सोने का हार चुराकर फरार



24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर के चौरासी थाना पुलिस ने सोने का हार चोरी करने वाली महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अंजू पत्नी संजय उगरेजेया के रूप में हुई है। वह मूल रूप से मुंबई के लोहिया नगर की रहने वाली है। फिलहाल वह बिलख में रह रही है।

घटना 23 मई की है। शंकरलाल बोडात की होटल पर एक महिला आई। उसने खुद को अंजू बताया और बिलेख की रहने वाली होने की बात कही। रात का समय होने के कारण वापस जाने के लिए गाड़ी न मिलने का बहाना बनाया। शंकरलाल और उनकी पत्नी को दया आ गई। वे उसे अपने घर ले गए।

अंजू ने अगले दिन भी किसी के आकर ले जाने का बहाना बनाया और वहीं रुकी रही। 25 मई को शंकरलाल दंपती पड़ोस में एक शादी समारोह में गए। अंजू घर पर अकेली थी। जब वे वापस लौटे तो अंजू गायब थी। जांच करने पर पता चला कि पेटी में रखा तीन तोले का सोने का हार भी गायब था।

थानाधिकारी राकेश कटारा के नेतृत्व में टीम ने आरोपी की तलाश शुरू की। उसे ऋषभदेव थाना क्षेत्र के बिलख गांव से पकड़ा गया। पूछताछ में उसने चोरी की बात स्वीकार कर ली।

ज्वेलर्स शॉप में चोरी के 3 आरोपी गिरफ्तार:पुलिस ने 200 सीसीटीवी कैमरे खंगालकर पकड़ा



24 न्यूज अपडेट

भीलवाड़ा की पारोली थाना पुलिस ने ज्वेलर्स की दुकान में चोरी करने वाली गैंग का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है , पुलिस इन तीनों से डिटेल इन्वेस्टिगेशन में लगी है।

पारोली थाना प्रभारी प्रभातीलाल ने बताया कि 24 दिसंबर 2024 को विनोद पिता मानसिंह संचेती ने एक रिपोर्ट दी,जिसमें उसने बताया था कि रात को करीब 12 से 4:00 बजे के बीच में अज्ञात चोर उसकी दुकान का शटर और चैनल गेट का ताला तोड़कर दुकान में घुसे जहां से उन्होंने काउंटर में रखे सोने और चांदी के गहने चुरा लिए ।इस रिपोर्ट को गंभीरता से लेते हुए मामला दर्ज कर एक टीम का गठन किया गया।

200 सीसीटीवी कैमरे को खंगाला

इस टीम ने घटनास्थल के बीटीएस लेकर करीब 200 सीसीटीवी कैमरे को खंगाल आरोपियों के रूट का बीटीएस लेकर उसका डिटेल इन्वेस्टिगेशन किया ।बेगू पुलिस तथा चित्तौड़ पुलिस द्वारा गिरफ्तार मुलजिम सुनील कंजर ने अपने साथियों द्वारा पारोली में सोने चांदी की दुकानों में चोरी करना बताया, जिस पर सुनील सहित दो अन्य को कोर्ट से हिरासत में लेकर डिटेल इन्वेस्टिगेशन किया।

दुकानों में चोरी और पिकअप चुराना कबूला

तीनों बदमाशों ने 24 दिसंबर की रात को पारोली कस्बे में सोने चांदी की दुकानों के चैनल गेट ओर शटर को लोहे के सरिया से तोड़कर दुकान में अंदर घुसकर सोने चांदी के गहने चोरी करना तथा उसी रात में कोठाज कस्बे में खड़ी एक पिकअप गाड़ी को चुराना कबूल किया। तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया और इनसे चोरी के माल की रिकवरी सहित अन्य डिटेल इन्वेस्टिगेशन किया जा रहा है।

ये थे टीम में शामिल

आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली टीम में पारोली थाना प्रभारी प्रभाती लाल, एएसआई गोपाल सिंह,कॉन्स्टेबल शैतान, बजरंग,भागीरथ, गोपाल, शिवराज, प्रवीण,राम अवतार और सुशील कुमार शामिल रहे।

इनको किया गिरफ्तार

पुलिस ने सुनिल (35) पिता गरुड़िया कंजर निवासी बेगू चित्तौड़गढ़ बॉबी (20) पिता हंसराज निवासी बेगू चित्तौड़गढ़,राकेश (35) पिता बाबूलाल कंजर निवासी बेगू चित्तौड़गढ़ को गिरफ्तार किया।

राजस्थान में बढ़ रहा है कोरोना का खतरा, नए वैरियंट की पुष्टि, अकेले जयपुर में 54 पॉजिटिव केस



24 न्यूज अपडेट

जयपुरः प्रदेश में कोरोना पॉजिटिव मरीजों की संख्या में हर दिन तेजी से इजाफा हो रहा है. हर दिन औसतन 10 से 15 नए मरीज कोरोना पॉजिटिव सामने आ रहे हैं और संक्रमण बढ़ने की रफ्तार कई गुना बढ़ गई है. बीते 24 घंटों में प्रदेश में कोरोना के 20 नए मामले सामने आए हैं. इसके साथ ही कुल मामलों में से 50 प्रतिशत से अधिक पॉजिटिव केस अकेले जयपुर से दर्ज किए गए हैं. चिकित्सा विभाग लगातार मरीजों की जीनोम सिक्वेंसिंग भी करवा रहा है ताकि यह पता लगाया जा सके कि कोरोना का कौनसा वैरियंट सबसे अधिक फैल रहा है.

देश में कोरोना के 3961 नए मामलेः प्रदेश में कोरोना की रफ्तार आठ गुना तेज हो गई है, जबकि देश भर में यह दर 14 गुना तक पहुंच चुकी है. मिनिस्ट्री ऑफ हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर के आंकड़ों की मानें तो अभी तक पूरे देश में कोरोना के 3961 नए मामले देखने को मिले हैं, जबकि 32 लोगों की मौत हो चुकी है.

5 बच्चे कोरोना की चपेट मेंः राजस्थान से प्राप्त चिकित्सा विभाग के आंकड़ों की बात करें तो अभी तक कुल 98 कोरोना पॉजिटिव मरीज सामने आ चुके हैं, जबकि 2 मरीजों की मौत दर्ज की गई है. बीते 24 घंटों में ही 20 नए केस रिपोर्ट किए गए हैं, जिनमें से 8 मरीज ऐसे हैं जिनकी उम्र 35 साल से कम है. इन आंकड़ों में एक और गंभीर पहलू यह है कि इस बार भी कोरोना छोटे बच्चों को संक्रमण की चपेट में ले रहा है. प्रदेश में अभी तक 5 बच्चे इस संक्रमण की चपेट में आ चुके हैं, जिनमें नवजात शिशु भी शामिल हैं.

17 मरीज जयपुर सेः राजधानी जयपुर में सबसे अधिक प्रकोप देखने को मिल रहा है. बीते 24 घंटों में सामने आए कुल 20 कोरोना पॉजिटिव मरीजों में से अकेले 17 मरीज जयपुर से हैं, जो कि बेहद चिंताजनक आंकड़ा है. इसके अलावा राज्य में कोरोना के नए वैरियंट की भी पुष्टि हो चुकी है. सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. दीपक माहेश्वरी ने बताया कि पुणे स्थित एनआईवी लैब में भेजे गए मरीजों के सैंपल में से 2 मरीजों में XFG और LF.7.9 वैरियंट के केस सामने आए हैं.

अगर जिलों की स्थिति पर नजर डालें तो अब तक आए कुल 98 मामलों में अजमेर से 2, बालोतरा से 2, बीकानेर से 6, चित्तौड़गढ़ से 1, डूंगरपुर से 1, डीडवाना से 5, दौसा से 2, जयपुर से 54, जोधपुर से 8, फलौदी से 1, राजसमंद से 1, सवाई माधोपुर से 1, सीकर से 1, उदयपुर से 12 और एक मामला मध्यप्रदेश से रिपोर्ट हुआ है.

ऑक्सीजन प्लांट की मॉनिटरिंगः इधर, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने प्रदेशभर में ऑक्सीजन प्लांट्स की मॉनिटरिंग के निर्देश जारी किए हैं. उन्होंने कहा है कि प्रदेश में विभिन्न चिकित्सा संस्थानों में स्थापित ऑक्सीजन प्लांट्स की नियमित मॉनिटरिंग की जाए. साथ ही बंद पड़े ऑक्सीजन प्लांट्स को शीघ्र चालू कराया जाए. इसके अतिरिक्त चिकित्सा संस्थानों में जांच, दवा एवं उपचार के लिए आवश्यक सभी इंतजाम किए जाएं ताकि ILI (इन्फ्लुएंजा लाइक इलनेस) लक्षणों वाले मरीजों को त्वरित जांच और उपचार मिल सके.

भिवाड़ी पुलिस ने लाखों की चोरी का किया खुलासा, एक गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट,जयपुर। भिवाड़ी फैज तृतीय थाना पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए सेक्टर-05 क्षेत्र में हुई लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषणों और नकदी की चोरी का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में एक शातिर आरोपी पवन कुमार जाट पुत्र रोशन लाल नागर (42) निवासी अलीगढ़ उत्तरप्रदेश हाल किराएदार यूआईटी भिवाड़ी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी किए गए अधिकांश जेवरात बरामद कर लिए हैं। बरामद किए गए सामान की अनुमानित कीमत करीब 8 लाख रुपये बताई जा रही है।

पुलिस अधीक्षक ज्येष्ठा मैत्रेयी के आदेशानुसार और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अतुल शाहु के निर्देशन में, वृताधिकारी कैलाश चौधरी के सुपरविजन में यह कार्रवाई की गई। थानाधिकारी सत्यनारायण उप-निरीक्षक के नेतृत्व में गठित टीम ने त्वरित और प्रभावी कार्यवाही करते हुए इस मामले को सुलझाया।

घटना का विवरण देते हुए पुलिस ने बताया कि 26 मई को परिवादी जितेंद्र कुमारी सोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 19 मई को वह अपने परिवार के साथ घर को अच्छे से बंद करके गांव गए थे और अपने पड़ोसी को घर की चाबी दे गए थे। 24 मई को सुबह करीब 11:00 बजे उन्हें पड़ोसी ने फोन कर घर में चोरी होने की सूचना दी। 26 मई को जब वह अपने घर पहुंचा। घर का सामान बिखरा हुआ था। चोर छत का जाल काटकर घर में घुसे थे और सोने-चांदी के आभूषणों सहित करीब 1,20,000/- रुपये नकद चुरा ले गए थे। इस रिपोर्ट पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर हेड कांस्टेबल मुकेश कुमार को जांच सौंपी।

जांच के दौरान 30 मई को पुलिस ने विशेष टीमें गठित की और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू की। इसी दौरान, हेड कांस्टेबल मुकेश कुमार को मुखबिर से सूचना मिली कि सेक्टर 5/420 यूआईटी भिवाड़ी में रहने वाले किरायेदार पवन कुमार नागर की गतिविधियां संदिग्ध हैं। सूचना पर कार्रवाई करते हुए, पुलिस टीम ने पवन कुमार को हिरासत में लिया।

गहन पूछताछ में पवन कुमार ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसने बताया कि वह परिवादी जितेंद्र सोनी के घर के सामने ही किराए पर रहता था और उसे उनके परिवार के बाहर जाने की जानकारी थी। अपनी आर्थिक तंगी और कर्ज चुकाने के लिए उसने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। उसने बताया कि उसकी एक मसाला पीसने की छोटी फैक्ट्री में काफी नुकसान हुआ था, जिससे उस पर कर्ज चढ़ गया था।

पुलिस ने आरोपी पवन कुमार की निशानदेही पर चोरी किए गए सोने के आभूषण, जिनमें हार, कंठी, झुमकी, नथनी, अंगूठी, लौंग और मंगलसूत्र शामिल हैं, और चांदी के आभूषण जैसे पायल, बिधिया, चूड़ा और चम्मच बरामद कर लिए हैं। गिरफ्तार आरोपी पवन कुमार का कोई पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। इस कार्रवाई में हेड कांस्टेबल मुकेश कुमार और कांस्टेबल बलराम की विशेष भूमिका रही।

करौली में थाना सदर हिंडौन पुलिस की कार्रवाई : फायरिंग कर हत्या के प्रयास का इनामी बदमाश गिरफ्तार, 4 माह से चल रहा था फरार



24 न्यूज अपडेट

जयपुर, करौली जिले की थाना सदर हिंडौन पुलिस ने फायरिंग कर हत्या के प्रयास की साजिश रचने के एक गंभीर मामले में चार माह से फरार चल रहे 5000 के इनामी बदमाश प्रयाश उर्फ गोलू मीणा को आखिरकार गिरफ्तार कर लिया है। इस प्रकरण में अभी भी दो अन्य वांछित अपराधी राहुल मीणा और सचिन मीणा फरार हैं, जिन पर 5-5 हजार का इनाम घोषित है और पुलिस उनकी तलाश में जुटी हुई है।

एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि यह सनसनीखेज घटना 19 फरवरी, 2025 की शाम को घटित हुई थी, जब कोटरी गांव निवासी रेशम (50 वर्ष) अपनी परचून की दुकान पर बैठी थीं। उसी दौरान रविंद्र उर्फ हिटलर मीणा अपने 2-3 अन्य साथियों के साथ मोटर साइकिल पर आया। उसने आते ही गाली-गलौज कर धमकी दी कि वह इसके बेटे विनोद को जान से खत्म कर देगा। जब रेशम ने इस बात का विरोध किया और अपनी दुकान से हटने लगीं, तो रविंद्र उर्फ हिटलर ने उन्हें जान से मारने की नीयत से पिस्टल से फायर कर दिया। गोली रेशम के बाएं पैर की पिंडली में लगी, जिससे उन्हें गंभीर चोट आई और खून बहने लगा।

रेशम के चिल्लाने की आवाज सुनकर उनके बेटे विनोद कुमार, तारजन और विजय तुरंत वहां पहुंच गए। उन्हें देखकर रविंद्र उर्फ हिटलर और उसके साथी मोटर साइकिल पर सवार होकर मौके से फरार हो गए। विनोद ने तुरंत अपनी मां को हिंडौन अस्पताल में भर्ती कराया, जहां रेशम ने अपने बयान में बताया कि रविंद्र उर्फ हिटलर मीणा ने पुरानी रंजिश के चलते ही उन पर जानलेवा हमला किया था।

इस घटना के बाद भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए पूर्व में इस मामले के मुख्य आरोपी रविंद्र उर्फ हिटलर को 22 फरवरी को और आरोपी गोर्धवन मीणा को 4 मार्च, 2025 को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया था। शेष वांछित आरोपियों की तलाश में थाना सदर हिंडौन थानाधिकारी देवेन्द्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में गठित विशेष टीम का गठन किया गया. इस टीम ने ने पालपुर, कोटरी, करौली, पीलोदा आगरी, वजीरपुर, गंगापुरसिटी, महुआ, दौसा, जयपुर, कोटा, आगरा, मथुरा, गुजरात सहित विभिन्न स्थानों पर लगातार दबिशें दीं।

तकनीकी संसाधनों का भी व्यापक उपयोग किया गया। सघन प्रयासों के बाद, पुलिस को बड़ी सफलता मिली जब उन्होंने आरोपी प्रयाश उर्फ गोलू मीणा पुत्र राजेश मीणा (22) निवासी पालनपुर थाना सदर हिंडौन को पालनपुर कोटरी से हिरासत में ले लिया। उसे रविवार 1 जून को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के बाद 3 जून तक का पुलिस रिमाण्ड पर रखा गया है।

पुलिस प्रयाश उर्फ गोलू से घटना के संबंध में और अन्य फरार आरोपियों के बारे में गहनता से पूछताछ कर रही है, ताकि उन्हें भी जल्द से जल्द पकड़ा जा सके।

भाभी से लव-अफेयर, छोटे ने बड़े भाई का मर्डर किया:कुल्हाड़ी से किए ताबड़तोड़ वार; देवर के साथ लिव-इन में रह रही थी महिला



कालूराम | यशोदा

24 न्यूज अपडेट

जैसलमेर में भाभी के प्यार में छोटे भाई ने बड़े भाई की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी। बड़े भाई पर ताबड़तोड़ वार किए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। शव को खेत में फेंक कर छोटा भाई फरार हो गया, जिसे उसकी भाभी के साथ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

घटना सदर थाना इलाके के भैरवा गांव में रविवार की देर शाम हुई। सदर थाना पुलिस के प्रभारी बगडू राम ने बताया- हत्या करने वाले रिश्ते में देवर- भाभी लगते हैं। यशोदा (27) अपने पति हरदान राम (50) निवासी बाड़मेर को छोड़कर पति के भाई कालूराम (25) के साथ करीब एक साल से जैसलमेर के भैरवा गांव में ही लिव-इन में रह रही है।

पुलिस के अनुसार, दोनों के लिव-इन में रहने का बड़े भाई ने कई बार विरोध किया। लेकिन दोनों नहीं मानें। रविवार को पति हरदान राम बाड़मेर से जैसलमेर आया तो दोनों के बीच झगड़ा हो गया। इसके बाद देर शाम खेत में उसकी लाश मिली। हरदान के भाई भंवरूराम ने यशोदा और कालूराम के खिलाफ सोमवार को हत्या का मामला दर्ज करवाया है।

लिव-इन में रहे रहे थे देवर- भाभी

बाड़मेर के बाखासर निवासी हरदान राम ने अपनी पहली पत्नी की मौत के बाद अपनी से आधी उम्र की लड़की यशोदा से शादी की थी। दोनों के बीच करीब 23 साल का अंतर था। शादी के बाद यशोदा से तीन बच्चे हुए। इस बीच यशोदा का हरदान राम के छोटे भाई कालूराम से अफेयर हो गया। कालूराम जैसलमेर के भैरवा गांव में खेती के काम से आ गया। उसके बाद यशोदा भी हरदान राम को छोड़कर करीब सालभर पहले कालूराम के पास जैसलमेर के भैरवा गांव आ गई थी।

पति ने दी थी हत्या की धमकी

पुलिस के अनुसार- हरदान ने पत्नी यशोदा को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वो नहीं मानी। इसके बाद हरदान राम ने छोटे भाई को जान से मारने की धमकी दी और कहा कि वहीं आकर दोनों को मार दूंगा। रविवार को शाम के समय हरदान राम बाड़मेर से भैरवा गांव आया। देर शाम को ही उसकी लाश भैरवा गांव स्थित खेत में मिली, जहां कालूराम काम करता है।

पुलिस ने दोनों को पकड़ा

सदर थाना प्रभारी बगडू राम ने बताया- मौके पर तीनों के बीच झड़प हुई, जिसमें यशोदा और कालूराम के भी चोटें आई हैं। कालूराम और यशोदा को पकड़ लिया है। दोनों का इलाज करवाया है। वहीं मृतक हरदान राम के भाई भंवरूराम ने आज दोनों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करवाया है। मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम करवाया जा रहा है। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

आरजीएचएस में फर्जीवाड़ा : 500 कार्ड ब्लॉक, दवाओं की जगह उठा रहे थे कैश



24 न्यूज अपडेट

जिले में राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम (RGHS) के नाम पर बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है. जांच में खुलासा हुआ कि दवाइयों के नाम पर कार्डधारी नकद पैसा पैदा उठा रहे थे. जिला कलेक्टर की ओर से गठित कमेटी ने सरकारी पैसे की खुली लूट पकड़ी. कमेटी की रिपोर्ट के बाद 500 कार्ड तत्काल ब्लॉक कर दिए गए. योजना के दुरुपयोग में डॉक्टर से लेकर मेडिकल स्टोर तक की लिप्तता पाई गई. इस सिलसिले में एक चिकित्सक की गिरफ्तारी हो चुकी है. इससे घोटाले की और परतें खुलने की उम्मीद है.

ऐसे हुआ खुलासाः सीएमएचओ डॉ. गौरव कपूर ने बताया कि आरजीएचएस में गड़बड़ी की शिकायत मिलने के बाद जयपुर मुख्यालय से विशेष टीम भरतपुर आई. टीम ने यहां गहराई से जांच की तो योजना के क्रियान्वयन में गंभीर अनियमितताएं और फर्जीवाड़े के संकेत मिले. इसके बाद जिला कलेक्टर ने उच्चस्तरीय जांच कमेटी बनाई. इस कमेटी ने आरजीएचएस कार्डधारकों के रिकॉर्ड, दवा वितरण विवरण और मेडिकल स्टोर्स के बिलों की बारीकी से जांच की. जांच में चौंकाने वाले खुलासे हुए. करीब 500 कार्ड ऐसे पाए गए, जिनका दुरुपयोग किया जा रहा था. कार्डधारकों ने दवा लेने के नाम पर कैश उठाया. कई बार बिना उपचार या पर्ची के फर्जी बिल बनाकर भुगतान लिया गया. जांच रिपोर्ट के आधार पर जिला प्रशासन ने तत्काल सभी 500 कार्ड ब्लॉक करा दिए. साथ ही मुख्यालय के निर्देश पर उन मेडिकल स्टोर्स और चिकित्सकों के खिलाफ पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई, जो घोटाले में लिप्त पाए गए. इसी कार्रवाई के तहत डॉ. मनीष गोयल को पुलिस ने गिरफ्तार किया.

दवा नहीं, पैसा उठा रहे थे लाभार्थीः सीएमएचओ डॉ. गौरव कपूर ने बताया कि योजना के तहत कुछ लाभार्थी और मेडिकल स्टोर्स की मिलीभगत से दवाओं की जगह नकदी उठाई जा रही थी. फर्जी बिल बना बिना दवा दिए भुगतान लिया जा रहा था. कुछ केस में दवाइयों की जगह घरेलू सामान या अन्य उत्पादों की खरीद भी की गई. यानी योजना की आड़ में स्वास्थ्य के नाम पर खुलेआम लूट मचाई जा रही थी.

फर्जी मोहर और दस्तावेज से जालसाजीः जांच में सामने आया कि इस घोटाले में सिर्फ लाभार्थी ही नहीं, बल्कि कुछ डॉक्टर और फार्मासिस्ट भी शामिल थे. कई मामलों में फर्जी मोहर, नकली हस्ताक्षरों और बनावटी पर्चियों के जरिए बिल तैयार किए गए. इन बिलों के आधार पर सरकारी खजाने से पैसा निकाला गया. यह संगठित जालसाजी की तरह सामने आया है, जिसमें कई स्तरों पर भ्रष्टाचार पसरा हुआ था.

डॉक्टर गिरफ्तार, मेडिकल स्टोर जांच के घेरे मेंः डॉ. गौरव ने बताया कि इस घोटाले में एक बड़ा नाम भी सामने आया है. हाल ही में डॉ. मनीष गोयल को गिरफ्तार किया गया. आरोप है कि गोयल ने कई फर्जी मरीजों के नाम पर दवाइयों के बिल पास करवाए. स्वास्थ्य विभाग ने ऐसे कई मेडिकल स्टोर्स की जांच शुरू कर दी, जिन पर घोटाले में शामिल होने का संदेह है.

ऑनलाइन गेमिंग कर्ज में डूबे दंपती ने की आत्महत्या, कमरे में ही सो रही थी मासूम बेटी



24 न्यूज अपडेट

कोटाः जिले के कैथून थाना क्षेत्र के खेड़ा रामपुर गांव में रविवार देर रात एक दंपती ने आत्महत्या कर ली. घटना की जानकारी सोमवार सुबह तब मिली जब दोनों पति-पत्नी सुबह तक नहीं जागे. परिजनों ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला. खिड़की से झांकने पर दोनों को आत्महत्या की स्थिति में पाया गया.

कैथून थाने के सब इंस्पेक्टर सुरेश कुमार मीणा का कहना है कि दंपती ने अपने कमरे में आत्महत्या की. उस समय उनकी मासूम बेटी भी कमरे में ही सो रही थी. पुलिस को सुबह सूचना मिलने के बाद टीम मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर कैथून सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मोर्चरी में रखवाया. परिजनों की तहरीर पर पोस्टमार्टम करवाया गया. मृतकों की पहचान 30 वर्षीय दीपक राठौर उर्फ विक्की और उसकी पत्नी 27 वर्षीय कृष्णा उर्फ राजेश के रूप में हुई है.

ऑनलाइन गेमिंग के कारण कर्ज में डूबेः परिजनों और पड़ोसियों के अनुसार, मृतक दीपक पर करीब 4 से 5 लाख रुपये का कर्ज था, जो ऑनलाइन गेमिंग के कारण हुआ. घटना से एक दिन पहले दीपक ने अपनी साली को फोन कर यह जानकारी दी थी कि उस पर भारी कर्ज हो गया है और अब मरने के सिवाय कोई रास्ता नहीं बचा है. पुलिस ने बताया कि घर में किसी तरह का विवाद या लड़ाई की जानकारी नहीं मिली है. परिजनों ने किसी पर शक भी नहीं जताया है. प्रारंभिक जांच में आर्थिक तंगी और कर्ज की बात सामने आई है, लेकिन वास्तविक कारणों की पुष्टि विस्तृत जांच के बाद ही हो पाएगी.

पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर मिलेंगे बीजःकाजरी में खरीफ की फसलों के बीजों की बिक्री हुई शुरू, कई जिलों से आए किसान



24 न्यूज अपडेट

तीन फसलों के बीजों की ब्रिकी

जोधपुर के केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान केंद्र (काजरी) में सोमवार से किसानों के लिए बीजों की बिक्री शुरू की गई है। काजरी में खरीफ की फसलों के बीजों की बिक्री पहले आओ पहले पाओ के आधार पर की जाएगी। बीज बिक्री का शुभारंभ काजरी के कार्यवाहक निदेशक डॉ. सुमंत व्यास की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित करके किया गया । इस अवसर पर बीज खरीदने पहुंचे कुछ किसानों को डायरेक्टर डॉ. व्यास और तकनीकी हस्तांतरण एवं प्रशिक्षण विभाग के अध्यक्ष डॉ. एसपीएस तंवर ने बीजों के बैग देकर कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की। काजरी में खरीफ की फसलों का बीज खरीदने जोधपुर के अलावा दूसरे जिलों के किसान भी पहुंचे।

खरीफ की फसलों के लिए काजरी में मूंग, मोठ और ग्वार के बीजों की बिक्री की जा रही है। मूँग 170 प्रति किलो मोठ और ग्वार 120 प्रति किलो दिया जा रहा है। बीज लेने पहुंचे किसानों ने बीजों को लेकर अपने अनुभव भी बताएं और संस्थान के वैज्ञानिकों को अपना फीडबैक भी दिया।

कार्यक्रम में इस अवसर पर काजरी विभाग द्वतीय एकीकृत कृषि प्रणाली के विभागाध्यक्ष डॉ. धीरज सिंह, कृषि विज्ञान केंद्र, जोधपुर के अध्यक्ष डॉ. बीएस राठौर, काजरी विभाग पंचम कृषि अभियान्त्रिकी एवं नवीनीकरण ऊर्जा विभाग के विभागध्यक्ष डॉ. एचएल कुशवाह, डॉ. एमपी राजोरा, इंद्राज मीणा, डॉ. ओम प्रकाश मीणा, डॉ. सोमा श्रीवास्तव. डॉ. दीपिका हजोंग भी उपस्थित रहे। बीजों की बिक्री काजरी परिसर में स्थित तकनीकी हस्तांतरण एवं प्रशिक्षण केंद्र (एटिक) में डॉ. प्रमेंद्र की देखरेख में एटिक कर्मचारी जुगल किशोर, रजनी माथुर, भुनेश वर्मा द्वारा की जा रही है।



चित्तौड़गढ़ में रिटायर्ड ASI के बेटे की गोली मारकर हत्या:हिस्ट्रीशीटरों ने साथियों के साथ होटल में घेरकर फायरिंग की, पहली मंजिल से नीचे फेंका



24 न्यूज अपडेट

चित्तौड़गढ़ में रविवार देर रात रिटायर्ड ASI के बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह अपने दोस्तों के साथ होटल में खाना खा रहा था। 7 गाड़ियों में सवार होकर पहुंचे 25 लोगों ने होटल को घेर लिया और फायरिंग शुरू कर दी। घटना कोतवाली इलाके के सेमलपुरा चौराहे पर हुई है।

निंबाहेड़ा निवासी अजयराज सिंह झाला (33) पुत्र शिवसिंह झाला (रिटायर्ड ASI) अपने 3 दोस्तों ओमकार शर्मा (31), गजेंद्र सिंह चौहान (24) और शैलेंद्र सिंह शेखावत (22) के साथ होटल में खाना खा रहा था।

इसी दौरान करीब 25 लोग 7 गाड़ियों में सवार होकर होटल पहुंचे। सभी हमलावरों ने गमछा बांध रखा था, हालांकि कुछ के चेहरे नजर आ गए थे। उन्होंने होटल को घेरकर अचानक फायरिंग शुरू कर दी।

युवक को गोली मारी, फिर खेत में फेंका

फायरिंग में अजयराज सिंह को गोली लगी और वह नीचे गिर गए। इसके बाद हिस्ट्रीशीटर झोपड़ा निवासी भैरूलाल गुर्जर और डेट निवासी डिग्गी राज सिंह ने अजय को उठाकर होटल की पहली मंजिल से नीचे खेत में फेंक दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इसके बाद भी गोलियां चलाई गईं और तलवार से अजय की नाक पर वार किया गया। हमलावरों ने जाते समय 2 गाड़ियां में भी आग लगा दी।

मदद नहीं मिली, दोस्त बाइक से हॉस्पिटल ले गए

युवक के दोस्तों ने एंबुलेंस और पुलिस को फोन किया, लेकिन कोई नहीं पहुंचा। इसके बाद तीनों ने अजय को बाइक पर बैठाकर निजी हॉस्पिटल पहुंचाया। वहां कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था। एक कंपाउंडर ने देखकर कह दिया कि अजय को बचाया नहीं जा सकता। इसके बाद अजय को फिर से बाइक से जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

बजरी विवाद बना हमले की वजह

प्रत्यक्षदर्शी ओमकार ने बताया कि अजय और हमलावरों के बीच बजरी खनन को लेकर पुराना विवाद चल रहा था। यह विवाद ही हत्या की वजह माना जा रहा है। उसने बताया- वह खाना खाने से पहले नीचे सिगरेट लेने गया था, तभी उसने मौके पर मनोज चौधरी को देखा, जो हमलावरों की रेकी कर रहा था और उसने ही हमलावरों को सूचना दी।

धरने पर बैठे परिजन और ग्रामीण

घटना के बाद सोमवार सुबह बड़ी संख्या में लोग अस्पताल की मॉर्च्युरी के बाहर एकत्र हुए और धरना- प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने शव लेने से मना कर दिया। परिजनों ने आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

हमलावरों में हिस्ट्रीशीटर शामिल

भीलवाड़ा निवासी मनोज चौधरी, गंगरार निवासी ईश्वर सिंह चौहान, कमल सिंह, विक्रम सिंह, भगवान सिंह, राजपाल सिंह, भैरू सिंह गुर्जर, गोपाल गुर्जर, डगला का खेड़ा निवासी मोंटी सिंह उर्फ सत्यवीर सिंह, अजमेर निवासी राहुल, चंदेरिया निवासी कुलदीप सिंह, राशमी निवासी हर्षवर्धन सिंह, कपासन निवासी डिग्गी राज सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

पुलिस जांच में सामने आया है कि हमले में शामिल भैरूसिंह गुर्जर गंगरार थाने का हिस्ट्रीशीटर है। इसके अलावा ईश्वर सिंह भी हिस्ट्रीशीटर है।

पसलियों में गोली फंसने से हुई मौत

जिला अस्पताल के मेडिकल ज्यूरिस्ट डॉक्टर संजय पारीक के अनुसार अजय को एक ही गोली लगी थी, जो हाथ से होकर बगल से गुजरते हुए पसलियों में जा फंसी, जिससे उसकी मौत हो गई।

होटल संचालक पर चाकू से हमला किया:बांसवाड़ा के परतापुर का मामला, CCTV से हमलावर की तलाश में जुटी पुलिस



24 न्यूज अपडेट

बांसवाड़ा जिले के गढ़ी थाना क्षेत्र में स्थित परतापुर कस्बे में सोमवार सुबह एक होटल संचालक पर अज्ञात बदमाशों ने चाकू से हमला कर गंभीर घायल कर दिया। घायल हालत में उसे परतापुर सीएचसी ले जाया। जहां से गंभीर हालत में पहले बांसवाड़ा एमजी अस्पताल फिर उदयपुर रेफर किया गया।

एसपी हर्षवर्धन अगरवाला ने बताया- होटल संचालक प्रेम (25) परतापुर में 2 साल से किराए पर होटल चला रहा है। कुछ लोगों ने धारदार हथियार से गले पर वार किया। हमले में प्रेम गंभीर घायल हो गया। इलाज जारी है। फिलहाल मौके पर FSL और अन्य माध्यम से जांच की जा रही है।

घटना को लेकर आसपास के लोगों का कहना है कि रविवार रात को 11 बजे प्रेम का कुछ लोगों से पानी की बोतल को लेकर छोटा-मोटा विवाद हुआ था। प्रेम रात को होटल में ही रुकता था। सुबह करीब 4 बजे प्रेम ने होटल के मालिक नरेश राठौड़ को कॉल किया था, लेकिन मोबाइल साइलेंट होने के कारण मालिक कॉल रिसीव नहीं कर सका।

सोमवार सुबह करीब 8 बजे जब कोई दूसरा लड़का जो होटल में काम करता था वो होटल के अंदर पहुंचा तो प्रेम लहूलुहान हालत में अचेत पड़ा था। इसके बाद उसने आसपास के लोगों को सूचना दी बाद में लोगों ने मालिक नरेश राठौड़ को कॉल कर बुलाया।

नरेश ने तत्काल गढ़ी थाना पुलिस को सूचना देकर मौके पर बुलाया। घायल को परतापुर सीएचसी ले गए। वहां से बांसवाड़ा रेफर किया। अब जिला अस्पताल से भी उसे आगे उदयपुर भेजा गया। घटना की सूचना पर एसपी हर्षवर्धन अगरवाला, एएसपी राजेश भारद्वाज सहित गढ़ी, कोतवाली और अरथूना थाने से पुलिस भी मौके पर पहुंची। टीम बनाकर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

कपासन की फैक्ट्री में कृषि विभाग की कार्रवाई:10 हजार से ज्यादा थैले सीज, प्रोम खाद के लाइसेंस पर बन रहा था भूमि सुधारक



24 न्यूज अपडेट

कपासन के सिंहपुर टोल नाके के पास स्थित सिद्धि विनायक प्राइम केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री में कृषि विभाग ने जांच की। फैक्ट्री में प्रोम खाद बनाने का लाइसेंस होने के बावजूद भूमि सुधारक पदार्थ का निर्माण किया जा रहा था। संयुक्त निदेशक कृषि दिनेश कुमार जागा और उपनिदेशक उद्यान डॉ. शंकरलाल जाट के नेतृत्व में टीम ने सोमवार सुबह फैक्ट्री का निरीक्षण किया। फैक्ट्री को 2018 से प्रोम खाद बनाने का लाइसेंस मिला हुआ था। प्रोम खाद फास्फोरस और जैविक तत्वों से युक्त होती है।

जांच के दौरान फैक्ट्री में बायो स्टीमुलेटर के 8,940 थैले और भूमि सुधारक के 1,858 थैले मिले। ये थैले 25 और 50 किलो की पैकिंग में थे। फैक्ट्री परिसर में रॉक फॉस्फेट, जिप्सम, डोलोमाइट, बेटोंनाइट और बायो कोक जैसे पदार्थ भी पाए गए। कृषि विभाग की टीम ने उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 और आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के तहत कार्रवाई करते हुए सभी थैलों को सीज कर दिया। तैयार प्रदार्थों के सैंपल लेकर जांच के लिए लैब भेजे जाएंगे।

जांच टीम में उपनिदेशक कृषि प्रेमचंद वर्मा, सहायक निदेशक कृषि विस्तार भगवानसिंह कुंपावत, कृषि अधिकारी रामजस खटीक, हीरालाल सालवी, प्रशांत कुमार जाटोलिया, सहायक कृषि अधिकारी गोपाललाल चाष्टा और कृषि पर्यवेक्षक रतनलाल पूर्बिया शामिल थे।

भीलवाड़ा में बच्चे सहित 8 लोगों पर लेपर्ड का हमला:बुजुर्ग की आंख नोच डाली, घर में घुसकर महिला का सिर काट खाया



24 न्यूज अपडेट

भीलवाड़ा के आसींद में सोमवार को करीब 2 किलोमीटर के एरिया में लेपर्ड ने एक बच्चे सहित 8 लोगों पर अटैक किया। लेपर्ड ने बच्चे की पीठ पर गहरे जख्म कर दिए।

बुजुर्ग की आंख नोच डाली। वहीं, घर में घुसकर एक महिला के सिर पर काट खाया। घायलों का हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। सूचना मिलते ही आसींद पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची।

लेपर्ड 8 लोगों पर हमला करने के बाद एक घर में घुस गया और अंदर चहलकदमी करने लगा। इस बीच वह घर के बाथरूम में घुसा तो वन विभाग की टीम ने गेट के कुंदी लगा दी। रेस्क्यू के लिए उदयपुर से वन्यजीव विशेषज्ञों की टीम को बुलाया गया है।

झाड़ियों से निकलकर मासूम पर किया अटैक

लेपर्ड ने नूवालिया गांव में बच्चे पर अटैक किया। नूवालिया निवासी सोनू भील ने बताया- सोमवार सुबह करीब 10 बजे मेरा बेटा राजवीर (12) खेत में बकरियां चरा रहा था। इस दौरान एक लेपर्ड अचानक झाड़ियों से निकलकर उस पर झपट पड़ा। उसकी पीठ, गर्दन सहित कई जगहों पर पंजा मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

मैं पास ही खेत में काम कर रहा था। बेटे की चीखने की आवाज सुनकर दौड़ा। मेरे साथ मौजूद गणेश भील व सुरेश भील ने मिलकर पत्थर और लाठियों से लेपर्ड को भगाया। लहूलुहान हालत में राजवीर को बाइक पर बैठाकर फौरन आसींद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए। वहां से हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

बुजुर्ग की आंख नोच डाली

इसके बाद लेपर्ड ने थारेला निवासी नेनु भील (60) और नूवालिया निवासी पानी देवी बलाई पर अलग-अलग जगह हमला किया। दोनों को घायल अवस्था में दौलतगढ़ के स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद नेनु को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया।

ग्रामीणों के अनुसार- लेपर्ड ने नेनु भील की आंख नोच डाली। आंख और उसके आसपास गहरे घाव हैं, जिन पर टांके लगाए गए हैं। जबकि सिर पर भी गहरे जख्म हुए हैं।

घर में घुसकर दो महिलाओं पर हमला

राजवीर पर हमले की घटना से करीब एक किलोमीटर दूर नूवालिया गांव में एक घर में घुसकर सोमवार दोपहर करीब 2 बजे लेपर्ड ने दो महिलाओं पर अटैक कर दिया। हमले में लीलादेवी और प्रेमदेवी घायल हो गईं।

बताया जा रहा है कि प्रेमदेवी पर पीछे से सिर पर हमला किया गया। परिजन के शोर मचाने पर लेपर्ड भाग गया। घायल महिलाओं को दौलतगढ़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (PHC) में भर्ती कराया गया है।

लेपर्ड को बाथरूम में किया बंद

महिलाओं पर अटैक के कुछ देर बाद लेपर्ड ने करीब एक किलोमीटर दूर मानाबा का खेड़ा गांव में तीन और लोगों पर हमला किया। इसके बाद वह एक घर में घुस गया। तीनों घायलों का इलाज दौलतगढ़ के अस्पताल में जारी है।

वनपाल नंदलाल गुर्जर ने बताया- मानाबा का खेड़ा गांव में 3 लोगों पर अटैक करने के बाद लेपर्ड कूपाराम पुत्र रूपालाल के घर में घुस गया। जान बचाने के लिए परिवार के लोगों ने दौड़कर खुद को एक कमरे में बंद कर लिया।

घर में टहल रहे लेपर्ड का वीडियो बनाते समय उसने हमला करने प्रयास किया। सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर लेपर्ड को घर के बाथरूम में बंद कर दिया गया है। रेस्क्यू के लिए उदयपुर से वन्यजीव विशेषज्ञों की टीम को बुलाया गया है।

घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए हैं।

राज्य मुख्य चुनाव आयुक्त पहुंचे उदयपुर, ईवीएम भण्डार गृह का निरीक्षण



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 2 जून। राज्य मुख्य चुनाव आयुक्त श्री मधुकर गुप्ता सोमवार को उदयपुर प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने ईवीएम भण्डार गृह का निरीक्षण किया। साथ ही जिले में चुनाव संबंधी कामकाज एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। राज्य मुख्य चुनाव आयुक्त श्री गुप्ता सोमवार दोपहर किशनपोल स्थित फर्राशखाना पहुंचे। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी तथा एडीएम प्रशासन दीपेंद्रसिंह राठौड़ भी उपस्थित रहे। गुप्ता ने ईवीएम भण्डार गृह में संरक्षित ईवीएम की जानकारी ली। उन्होंने जिले में ईवीएम की उपलब्धता तथा वस्तुस्थिति का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि आगामी समय में पंचायतीराज चुनाव प्रस्तावित हैं। ऐसे में आयोग चुनाव पूर्व तैयारियों को लेकर सक्रिय है।

आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं व महिला पर्यवेक्षकों को मोबाइल फोन वितरण का शुभारंभ, पोषण ट्रेकर एप से होगी मोनिटरिंग



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 2 जून। आंगनवाड़ी केंद्रों पर दी जाने वाली सेवाओं के प्रभावी मोनिटरिंग के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं महिला पर्यवेक्षकों को मोबाइल फोन वितरित का शुभारंभ जिला कलक्टर नमित मेहता एवं उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास एनएल मेघवाल ने किया। श्री मेघवाल ने बताया कि पोषण ट्रेकर एप की प्रभावी मोनिटरिंग के लिए जिले में 2477 मोबाईल फोन आँगनवाडी कार्यकर्ताओं एवं महिला पर्यवेक्षकों को वितरण किये जाएंगे। आँगनवाडी केंन्द्रों पर दी जाने वाली सेवाएं यथा पूरक पोषाहार, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखरेख एवं शाला पूर्व शिक्षा, पोषण एवं स्वास्थ्य शिक्षा, देखरेख, वृद्धि निगरानी, स्वास्थ्य जाँच, टीकाकरण आदि की प्रभावी मोनिटरिंग इन स्मार्ट फोन के माध्यम से की जायेगी। आंगनबाडी केन्द्रों के लाभार्थी जो कि गर्भवती/धात्री माताएं, 6 माह से 6 वर्ष के बालक जिनको पोषाहार और प्री स्कूल शिक्षा आंगनबाडी केन्द्रों पर प्रदान की जाएगी। उक्त सभी सेवाओं की मोनिटरिंग पोषण ट्रेकर एप्प के माध्यम से ऑनलाइन की जाएगी। जिले में वर्तमान में 2368 आंगनवाडी केन्द्र संचालित हैं तथा 13 बाल विकास परियोजनाएं हैं तथा जिले में लाभार्थी 6 माह से 6 वर्ष के 129526 बालक तथा गर्भवती/ धात्री माताएं 21495 हैं। स्मार्टफोन के माध्यम से गर्भवती/धात्री महिलाओं को शत प्रतिशत पोशाहार वितरण कर डाटा एण्ट्री 6 माह से 3 साल तक बच्चों को पोशाहार वितरण, वृद्धि निगरानी पर मोनिटरिंग, अतिकुपोषित बच्चों की मोनिटरिंग, कुपोषित बच्चों की मोनिटरिंग,आधारभूत संरचना अन्तर्गत शौचालय एवं पेयजल सुविधाओं की मोनिटरिंग की जाएगी।

वरिष्ठ आईएएस एवं पूर्व कलेक्टर आलोक को दी श्रद्धांजलि



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 2 जून। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी एवं ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री आलोक के निधन पर कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को जिला कलेक्टर नमित मेहताए एडीएम प्रशासन दीपेंद्र सिंहए एडीएम शहर वार सिंहए सीईओ जिला परिषद रिया डाबी समेत कलेक्ट्रेट अधिकारियों. कर्मचारियों द्वारा दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उल्लेखनीय है कि श्री आलोक वर्ष 2007-08 में उदयपुर के जिला कलेक्टर रहे थे और उदयपुर में वे स्वच्छ परियोजना निदेशक एवं टीएडी कॉपरेटिव फेडरेशन के एमडी के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

कटारिया 3 को उदयपुर में, नगर निगम अधिकारियों की लेंगे बैठक

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 2 जून। पंजाब के राज्यपाल एवं चण्डीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाबचंद कटारिया 3 जून को उदयपुर आएंगे। कार्यक्रम के अनुसार श्री कटारिया 3 जून को मुंबई से प्रस्थान कर सुबह 11.15 बजे डबोक एयरपोर्ट आएंगे। वहां से 12 बजे सड़क मार्ग द्वारा स्मार्ट सिटी सभागार नगर निगम पहुंच कर नगर निगम आयुक्त सहित अन्य अधिकारियों की बैठक लेंगे। शाम 4 बजे उदयपुर से जोधपुर के लिए सड़क मार्ग द्वारा प्रस्थान करेंगे। रात 9 बजे जोधपुर पहुंच कर रात्रि विश्राम करेंगे। अगले दिन 4 जून को जोधपुर में स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेकर उदयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। श्री कटारिया शाम 4.30 बजे उदयपुर पहुंचेंगे। इसके पश्चात् शाम 6 बजे भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित पं दीनदयाल उपाध्याय एकात्म मानवदर्शन हीरक जयंती समारोह में भाग लेंगे। अगले दिन 5 जून को श्री कटारिया सुबह 7.50 बजे डबोक एयरपोर्ट से विमान द्वारा चण्डीगढ़ के लिए प्रस्थान करेंगे।

समाचार भेजने के लिए हमारी मेल आई-डी पर संपर्क करें -
desk24newsupdate@gmai.com

जय श्री काली कल्याण मंदिर में कल्ला जी बावजी राज को 501 आमों का भोग, भक्तों में आमों का प्रसाद वितरित



24 न्यूज अपडेट

जय श्री काली कल्याण मंदिर में आज रविवार को श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में एक विशेष आयोजन संपन्न हुआ। मंदिर प्रांगण में कल्ला जी बावजी राज को 501 ताजे आमों का भोग अर्पित किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान के दौरान बावजी राज की आम के एक विशाल वृक्ष की "आंगी" कराई गई, जो श्रद्धालुओं के लिए एक अद्भुत और भावनात्मक अनुभव रहा।

पूरे मंदिर परिसर को हरे और पीले रंग के ताजे आमों से आकर्षक ढंग से सजाया गया, जिससे वातावरण में आध्यात्मिकता के साथ-साथ प्राकृतिक सौंदर्य की भी छटा बिखर गई। आमों की भीनी खुशबू और भक्ति रस में डूबे भजन-कीर्तन ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

आयोजन के पश्चात सभी भक्तों में आमों का प्रसाद वितरित किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर भोग दर्शन किए और प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया। मंदिर समिति ने बताया कि इस विशेष आयोजन का उद्देश्य भक्तों के बीच सद्भावना और आनंद का संचार करना था।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।